# निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिलने पर भू अभिलेख निरीक्षक निलम्बित

■ जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने ग्राम पंचायत खेडा एवं पटौंदा में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण किया

**करौली**, (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने मंगलवार को ग्राम पंचायत खेडा एवं पटौंदा में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हिण्डौंन तहसील की वृत खेडा में भू अभिलेख निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह राजावत को अनुपस्थित पाये जाने पर जिला कलक्टर द्वारा तुरंत प्रभाव से निलंबित किया गया।

शिविर में व्यवस्थाऐं माकूल नहीं पाये जाने पर एवं शिविर में फार्मर प्रगति राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में नगण्य पायी जाने एवं लापरवाही बरतने पर उन्होंने संबंधित तहसीलदार रैणु चैधरी, पटवारी लेखराज महावर एवं ठााम विकास अधिकारी वीर सिंह गुर्जर को भी नियम 17 सीसीए के तहत चार्जशीट देने के निर्देश दिये साथ ही उपस्थित कार्मिकों को शिविर में सक्रिय रहकर किसानों का अधिक से अधिक पंजीयन कर लाभान्वित करने के निर्देश प्रदान किये और कहा कि मुख्यमंत्री के मंशा अनुरूप कार्य कर किसानों को अंतिम पंक्ति तक लाभ पंहुचाना ही इन शिविरों का मूल उद्देश्य है। शिविरों के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। तत् पश्चात जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत पटौंदा में भी फार्मर रजिस्ट्री शिविर का औचक निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने बताया कि ठााम पंचायत पटौंदा में फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित व्यवस्थाऐं माकूल पायी गई और कृषक यूनिक आईडी के लिए पंजीयन करवाकर किसानों ने शिविर का लाभ लिया।

जिला कलक्टर ने आगामी दिनों में 26 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित किये जाने वाले शिविरों में संबंधित तहसीलदार, पटवारी,ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कार्मिकों को समय पर उपस्थित रहकर किसानों को अधिक से अधिक लाभ पंहुंचाने निर्देश प्रदान किये। इस संबंध में भविष्य में यदि कोई लापरवाही बरती जाती है तो दोषी कार्मिकों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। जिला कलक्टर ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के दौरान 25 फरवरी प्रातः 10 बजे तक करौली में कुल 2808, सपोटरा में 1569, सूरौठ में 1549, नादौती में 1324, हिण्डौन में 1168, टोडाभीम में 882, श्रीमहावीरजी में 694, मासलपुर में 642, मंडरायल में 580 किसानों को पंजीयन कर लाभान्वित किया गया।

उल्लेखनीय है कि फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के संबंध में पुनर्निर्धारित कार्यक्रम हाल ही में जारी किया गया था। पुनर्निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 26 फरवरी तक हिण्डौन तहसील की बझेड़ा, खेड़ा, घोंसला ग्राम पंचायत व 27 फरवरी से 1 मार्च तक क्यारदा खुर्द, महमदपुर, महूखास ग्राम पंचायत, सुरौठ तहसील की भुकरावली, हुक्मीखेड़ा, शेरपुर ग्राम पंचायत में 26 फरवरी तक व विजयपुरा, खीप का पुरा, सोमला रात्रा ग्राम पंचायत में 27 फरवरी से 1 मार्च तक, श्रीमहावीरजी तहसील की दालानपुर, पटोंदा, इरनिया ग्राम पंचायत में 26 फरवरी व अलीपुरा, अकबरपुर, बरगमां ग्राम पंचायत में 27 फरवरी से 1 मार्च तक, सपोटरा तहसील की डाबरा, नारौली, डिकोली कलॉ ग्राम पंचायत में 26 फरवरी व औडच, जीरोता, जोडली, ग्राम पंचायत में 27 फरवरी से 1 मार्च तक, मण्डरायल तहसील की गुरदह, धौरेटा, चन्देलीपुरा ग्राम पंचायत में 26 फरवरी व औण्ड, भॉकरी, लांगरा ग्राम पंचायत में 27 फरवरी से 1 मार्च तक, मासलपुर तहसील की कंचनपुर, खूडा, फतेहपुर ग्राम पंचायत में 26 फरवरी व पिपरानी, लेदोरकलां, सीलोती ग्राम पंचायत में 27 फरवरी से 1 मार्च तक, नादौती तहसील की बाडा, राजाहेड़ा, पाल ग्राम पंचायत में 26 फरवरी व चिरवंड़ा, गढमोरा, रायसना ग्राम पंचायत में 27 फरवरी से 1 मार्च तक, टोडाभीम तहसील की गोरड़ा, भीमपुर, बौल ग्राम पंचायत में 26 फरवरी व अजीजपुर, मान्नौज, नांगलमांडल ग्राम पंचायत में 27 फरवरी से 1 मार्च तक, करौली तहसील की जहांगीरपुर, बीजलपुर, कोटा मामचारी ग्राम पंचायत में 26 फरवरी व तुलसीपुरा, मांची, अतेवा ग्राम पंचायत में 27 फरवरी से 1 मार्च तक फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर तहसीलवार आयोजित किए जाएंगे।

## ऋषि बोध दिवस मनाया

**भरतपुर**, (निसं)। भुसावर में संचालित आर्य समाज की ओर से आज आर्य समाज संरक्षक दिनेश चंद्र पांडेय के नेतृत्व में महर्षि दयानंद सरस्वती बोध दिवस मनाया गया। आर्य समाज के प्रधान राजेन्द्र प्रसाद मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती बोध दिवस के अवसर पर उपाध्यक्ष प्रकाशचंद शर्मा व नित्यानंद पांडेय के निर्देशन में प्रातः कस्बे के निचरला बाजार, सर्राफा बाजार, पुरानी अनाज मण्डी, हिण्डौन रोड, आदि विभिन्न मार्गों में से होकर आर्य समाजियों एवं आर्ष कन्या गुरुकुल की छात्राओं द्वारा ओउम ध्वज लेकर महर्षि दयानंद के जयघोष के साथ वैदिक भजन गाते हुए प्रभात फेरी निकाली। इसके पश्चात आर्य समाज परिसर में मंत्री कमलाकांत आर्य व रघुनाथ बोहरा द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ वैदिक यज्ञ सम्पन्न कराया गया। गुरुकुल की आचार्या सुमन आर्या ने भजन की प्रस्तुति देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि को चूहे वाली घटना के बाद महर्षि दयानंद सरस्वती को आत्मज्ञान की प्राप्ति हुई थी, इसलिए महाशिवरात्रि को ऋषि बोध दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा कन्या गुरुकुल संस्थापक हरीशचंद्र शास्त्री ने बताया कि दयानंद सरस्वती ने महिलाओं को वेद पढने का अधिकार दिलाया।

# रीट परीक्षा 27 व 28 फरवरी को

**करौली**, (निसं)। जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट नीलाभ सक्सेना ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा आयोजित होने वाली राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा रीट 2024 को जिले मे सकुशल सम्पन्न करवाने के लिए समस्त अधिकारियों को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के आदेशों व निर्देशों के अक्षरशः पालना करने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने बताया कि जिले में आज गुरूवार 27 फरवरी को दो पारी वहीं 28 फरवरी 2025 को एक पारी में उक्त परीक्षा आयोजित की जाएगी। 27 फरवरी को प्रथम पारी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक जिले के 26 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 11016 परीक्षार्थी वहीं दूसरी पारी में दोपहर बाद 3.00 बजे से साँय 5.30 बजे तक 25 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 10712 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। 28 फरवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक जिले के 23 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 10133 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे, परीक्षार्थीयों को निर्धारित समय से 1 घन्टे पूर्व तक ही परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश दिया जाएगा।

जिला कलक्टर ने परीक्षा संचालन समिति के सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतियोगी परीक्षा में किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि को रोकने व परीक्षा आयोजन की निष्पक्षता, नियमबद्धता, गुणवत्ता व शुचिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के समस्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए।उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा तय ड्रेस कोड में आए अभ्यर्थियों को ही प्रवेश दिया जाए जिसमें पुरुष अभ्यर्थियों के लिए आधी आस्तीन के शर्ट या टी-शर्ट या कुर्ता, पेंट या पायजामा एवं हवाई चप्पल या स्लीपर निर्धारित है, वहीं महिला अभ्यर्थी सलवार सूट या साड़ी या आधी आस्तीन का कुर्ता या ब्लाउज, हवाई चप्पल या स्लीपर पहने हों एवं बालों में साधारण रबड़ बैण्ड लगा होना निर्धारित है।

जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट ने संबंधित अधिकारियों एवं सतर्कता दल को निर्देशित किया कि फर्जी कैंडिडेट की पहचान सुनिश्चित कर उनकों रोकने के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा भेजी गई मूल उपस्थिति पंजिका से उनका मिलान किया जाए। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रत्येक केंद्र पर पर्यवेक्षकों एवं सतर्कता दल की नियुक्ति उनके द्वारा की जा चुकी है। वहीं 9 उड़नदस्तों का भी गठन किया गया है। उन्होंने ने बताया कि परीक्षा में अनुचित भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के लिए जरूरी निर्देश जारी कर सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर लिया गया है। उन्होंने केंद्राधीक्षकों, पर्यवेक्षकों, सतर्कता दल एवं उड़नदस्तों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे सभी स्तरों पर सुनिश्चित करें कि किसी भी परीक्षार्थी द्वारा किसी भी प्रकार से नकल या नकल का प्रयास नहीं किया जा रहा है और ना ही किसी भी अभ्यर्थी के पास कोई भी प्रतिबंधित सामठाी अथवा उपकरण है। यदि किसी अभ्यर्थी को उल्लंघन करते हुए पाएं या उसके पास कोई भी प्रतिबंधित सामठाी अथवा उपकरण पाया जाए तो उसके विरूद्ध राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय संशोधन अधिनियम 2022 के तहत कठोरत्तम कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उन्होंने परीक्षाकेन्द्रों पर उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे फर्नीचर, विद्युत सप्लाई, पेयजल आदि से संबधित व्यवस्थाओं की जानकारी भी संबन्धित अधिकारियों से प्राप्त की और इन व्यवस्थाओं को सभी केन्द्रों पर एक दिन पूर्व ही सुनिश्चित करने के निर्देश समस्त केंद्राधीक्षकों एवं संबन्धित अधिकारियों को दिये। जिला परीक्षा समन्वयक अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि उक्त परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम के लिए राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय संशोधन अधिनियम 2022 लागू किया गया है।

# रुग्घापुरा में भगवान शिव पंचायतन की हुई प्राण प्रतिष्ठा

■ तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। रुग्घापुरा गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर के निर्माण के तहत आयोजित तीन दिवसीय शिव पंचायतन और चरण पादुका प्रतिष्ठा समारोह के अंतिम दिन बुधवार को सुबह से मंदिर में आराधना का दौर शुरू हो गया। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव बुधवार को धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। मुख्य यजमान रामजीवन बैंसला, फौजी बलीराम फौजी, सूबेदार विन्दावन बैंसला, पिन्टू बैंसला हाईवे इंचार्ज ने आचार्य देवेन्द्र शास्त्री के तत्वावधान में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान के साथ शिवलिंग, पार्वती, नंदी सहित हनुमान जी और स्व. घमंडी राम की चरण पादुका की विधिवत स्थापना करते हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न कराया।

भूपेन्द्र खटाना ने बताया कि महास्नान, प्राण प्रतिष्ठा, जलाभिषेक, भव्य श्रृंगार पूजन, हवन पूर्णाहुति के आयोजन हुए। प्राण प्रतिष्ठा के तहत मंदिर परिसर की फूलों से आकर्षक सजावट की गयी । यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद आचार्य देवेन्द्र शास्त्री के तत्वावधान में आचार्य विकास शास्त्री, कुलदीप शास्त्री, गोपाल शास्त्री ने अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिवलिंग सहित सभी मूर्तियों और चरण पादुका की प्राण प्रतिष्ठा की । इस दौरान पूरा मंदिर भगवान के जयकारों से गूंज उठा और महाआरती में भारी संख्या में श्रद्धालू शामिल हुए । इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने हवन कुंड की परिक्रमा की । प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ठाहण किया । दोपहर शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चला । इस अवसर पर आचार्य देवेन्द्र शास्त्री ने बिल्वपत्र से भगवान शिव की पूजा करने का रहस्य बताते हुए कहा कि बिल्वपत्र और जल से भगवान शिवजी का मस्तिष्क शीतल रहता है और उन्हें शांति मिलती है इसलिए बिल्वपत्र और जल से पूजा करने वाले पर शिव जी प्रसन्न होते है । प्राण प्रतिष्ठा में आयोजक रामजीवन बैंसला, फौजी बलीराम बैंसला, एआईजी विन्दावन बैंसला, पिन्टू बैंसला सहित श्रीफल डायरेक्टर, सुग्रीव सरपंच कैमरी, हरिओम गोठिया, नरेश विचपुरी, भीमसिंह खटाना, बनैसिंह, हरकेश मीना, भूपेन्द्र खटाना कैमरी, जीतन बैंसला फोटोग्राफर, देवीराम, दयाराम, भरोसी पटेल, राजेन्द्र, शिवसिंह, सुनील बैंसला, अमृत, गोरेलाल सहित कई गणमान्य लोग और ग्रामीण मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि का पर्व मनाया

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। उपखंड क्षैत्र में बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में धार्मिक आयोजनों की रौनक देखने को मिली। पर्व की तैयारियां दो दिन पहले से शुरू हो गई थीं। मंदिरों की साफ-सफाई की गई। रोशनी और रंग-बिरंगे कपडों से सजावट की गई।

सुबह से ही शिव भक्तों का मंदिरों में आना शुरू हो गया। भक्तों ने पंचामृत से शिवलिंग का अभिषेक किया। शिव परिवार का विशेष श्रृंगार किया गया। बेलपत्र, आक, धतूरा, दूब, बेर, गाजर और मूली का भोग लगाया गया। गुलाल, अबीर और चंदन से भी भगवान का श्रृंगार किया गया। मंदिरों में शिव चालीसा, शिव तांडव स्त्रोत और रुद्राष्टक का पाठ किया गया। शहर के प्रमुख मंदिरों में बालाजी चौक मंदिर, उघाडमल बालाजी, श्री कल्याणजी मंदिर, उदेई मोड मनोरथ सिद्ध हनुमान जी मंदिर, श्री गणेश जी मंदिर, श्री सीतारामजी मंदिर और मां चक्रपानी मंदिर शामिल रहे।

# अवैध रूप से चल रही जांच लैब रोगियों के जीवन के साथ कर रही खिलवाड़

**करौली**, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर अवैध रूप से चल रही जांच लैब रोगियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं साथ ही मोटी रकम वसूल कर मरीजों को जमकर लूटा जा रहा है जिसमें चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की मूक सहमति की पूरी संभावना जाहिर हो रही है।

राजस्थान में सबसे पिछड़े जिलों में सुमार करौली जिले में चिकित्सा उपचार के नाम पर चिकित्सा विभाग के अधिकारियों कि मिली भगत से अवैध रूप से रोगियों कि विभिन्न बीमारियों की जांचों के लिए करौली,हिंडौन उपखंड मुख्यालय में वैसे तो करीब तीन दर्जन से अधिक जांच लैब खुले आम संचालित हैं यही नहीं सरकारी चिकित्सकों के आवासों पर भी खुलेआम जांच लैब और मेडिकल स्टोर चलते देखे जा रहे हैं जिन पर रोगियों को किस प्रकार जांच और दवाइयां के नाम पर लुटा जा रहा है साथ ही रोगियों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिस सब का भगवान ही रखवाला है जिला मुख्यालय पर अवैध रूप से यानी पंजीयन के बिना चल रही जांच लैब का खुलासा आरटीआई के तहत ली गई सूचना से स्पष्ट हो रहा है देखने लायक यह है कि सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र प्रकाश शर्मा द्वारा चिकित्सा विभाग से ली गई सूचना से खुलासा हो रहा है कि जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के अलावा प्रशासन के जिला स्तरीय अधिकारियों के बैठने के उपरांत भी बिना पंजीयन के जांच लैब खुले आम चल रहे हैं मजे की बात यह है कि आरटीआई कार्यकर्ता ने सूचना के अधिकार के तहत चिकित्सा विभाग से करौली एवं हिंडौन उपखंड मुख्यालय पर चल रही जांच लैबो कि सूचना के अलावा जांच लैब में पद पैथोलॉजी डॉ. है या नहीं की सूचना मांगी गई थी यह सूचना पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दी गई सूचना में 30 लैब संचालित बताई इन पर एक भी पैथोलॉजी डॉ. रजिस्टर्ड होना नहीं बताया गया जिसके बाद सामाजिक कार्यकर्ता ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर शिकायत करते हुए जांच लैबो कि वास्तविक जानकारी के अलावा शिकायत का निस्तारण करने कि मांग रखी राजस्थान संपर्क पोर्टल पर की शिकायत के जवाब में सीएमएचओ ने सूचना दी की पूर्व में लैब के पंजीकरण हेतु निदेशालय से स्पष्ट दिशा निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं।

उन्होंने बताया कि अब विभाग द्वारा निदेशालय से निर्देश प्राप्त हो गए हैं लैबो के पंजीकरण हेतु जिला कलेक्टर कि अध्यक्षता में समिति के गठन की प्रक्रिया विचाराधीन है समिति के गठन के उपरांत लैबो के पंजीकरण कि प्रक्रिया शुरू कर दी जावेगी इसके उपरांत कोई भी लैब अवैध रूप से संचालित पाई जाती है तो एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी।

चौंकाने वाली बात यह है कि एक ओर तो सीएमएचओ करौली, हिंडौन में 30 जांच लैब का पंजीयन होना बता रहे हैं दूसरी ओर वह ही जांच लैबो के पंजीयन कि प्रक्रिया शुरू होने की बात बता रहे हैं सीएमएचओ कि सूचना से स्पष्ट जाहिर हो रहा है कि अब तक करौली,हिंडौन में चल रही जांच लैब अवैध रूप से खुलेआम चल रही है और उन पर भी पैथोलॉजी डॉ. नहीं होने से रोगियों के जीवन के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है यही नहीं जांचों के नाम पर जमकर लूटा भी जा रहा है देखने लायक यह है कि अवैध रूप से चल रही जांच लैब पर जांचों की दर भी चस्पा नहीं होने से अपनी मनमर्जी से राशि वसूली जा रही है।


BANASTHALI VIDYAPITH
(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)
University for women: University with a difference





Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

Programmes offered

ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. Integrated* (Comp. Sc./Mechatronics)*
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Computer Science/IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design)
M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)
Three Year Diploma (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics )*

MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research$
B.Sc. (Data Science)/B.Sc. (Data Science) Hons.
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Data Science) I M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
M.Sc. (Physics)
MCA/PGDCA

ARCHITECTURE & PLANNING
B.Arch.+

LAW
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

LIFE SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Biotechnology)
B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry) I M.Sc. (Microbiology)
M.Sc. (Botany) I M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) I M.Sc. (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)

EARTH SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) I M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

MANAGEMENT STUDIES
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$
MBA (Integrated) I BSW I M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

FINE ARTS
M.A. Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

AVIATION
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

DESIGN
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) I M.Des.

JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, French, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, German)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

EDUCATION
B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.* (Secondary/Middle)#, B.Ed., M.Ed.

HOME SCIENCE
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

NURSING
B.Sc. Nursing*

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
Ph.D. : Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2025-26
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to approval
LAST DATE FOR APPLICATION
30 April, 2025

SCHOOL EDUCATION DIVISION
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

Enquiries can be made at
• For general enquiry:
+91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
• For UG/PG Admissions:
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

How to Apply
For each programme a separate application is required through either:
Option 1 : Online submission of application at the University's website: http://www.banasthali.org or
Option 2 : Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of "Banasthali Vidyapith" Payable at Banasthali/Jaipur to: Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)
Scan to explore

Scholarships
The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA